दिन– शुक्रवार दिनांक– 01 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत चल रही स्वगणना का आज अंतिम दिन। कल से प्रगणक घर–घर जाकर करेंगे आवासों की गणना।

02. केन्द्र सरकार ने डीजल और विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क में कटौती की। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं।

03. बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में हो रहा है महोत्सव का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत चालीस देशों के श्रद्धालु हो रहे हैं शामिल।

04. और, काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, बक्सर, पटना, और कटिहार समेत आस–पास के जिलों में आंधी–बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

————————————————————

राज्य में जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत चल रही स्वगणना का आज अंतिम दिन है। इसके तहत नागरिक स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाईन दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद कल से प्रगणक घर–घर जाकर नागरिकों से जानकारी लेंगे। साथ ही कल से ही आवासों की गणना का कार्य भी शुरू होगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

स्वगणना की प्रक्रिया में नागरिक सुरक्षित वेब–पोर्टल एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर परिवार के मुखिया का नाम और किसी भी एक सदस्य के मोबाईल नम्बर से पंजीकरण कर सकते हैं। स्व–गणना के बाद संबंधित व्यक्ति को एक आईडी प्राप्त होगी। प्रगणक के घर आने पर यह आईडी उन्हें उपलब्ध करानी होगी। सरकार के अनुसार स्व–गणना नहीं कर पाने की स्थिति में निर्धारित अवधि में प्रगणक संबंधित व्यक्ति के घर आकर जानकारी दर्ज करेंगे। इसके बाद दो मई से मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना शुरू होगी, जो इकतीस मई तक चलेगी। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे। इस अभियान में देशभर में तीस लाख से अधिक फील्ड वर्कर्स शामिल होंगे। समाचार कक्ष से सविता पारीक।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने डीजल और विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क में कटौती की है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। यह कटौती आज से लागू हो गई है। वित्त मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, डीजल पर निर्यात शुल्क तेईस रुपये प्रति लीटर और विमानन ईंधन पर तैंतीस रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क निर्धारित किया गया है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू

खपत के लिए स्वीकृत पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा उत्पाद शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

——————————————————————

विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। कल श्री शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया है। कल नामांकन के अंतिम दिन किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया है। चार मई तक नाम वापस लिया जा सकता है। इसके बाद इसी दिन उन्हें निर्वाचित घोषित किया जायेगा। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के सीवान से विधायक चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई थी।

——————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी की ओर से आयोजित होने वाली बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षाओं को अधिक व्यवस्थित तथा पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा पद्धति में बदलाव किया गया है। अब एमसीक्यू आधारित परीक्षा में चार की जगह पांच विकल्प होंगे। नई व्यवस्था के अनुसार शुरू के चार विकल्प ए, बी, सी और डी में से किसी एक को उत्तर के रूप में चुनना होगा। अगर अभ्यर्थी इस प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उन्हें ई विकल्प का चयन करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी पांचों में से किसी भी विकल्प का चयन नहीं करते हैं तो, प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न पर निगेटिव अंक देते हुये एक तिहाई अंकों की कटौति होगी।

——————————————————————

ऑनलाइन गेमिंग संवर्द्धन और विनियमन नियम, दो हजार छब्बीस आज से लागू हो गए हैं। यह देश में तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को विनियमित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

——————————————————————

प्रदेश में अंचलाधिकारियो और राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारियों की नौ मार्च से जारी हड़ताल कल समाप्त हो गयी। बिहार संयुक्त राजस्व सेवा महासंघ ने मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह के साथ हुई वार्ता के बाद हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। महासंघ ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सभी अधिकारी चार मई से काम पर लौटेंगे। महासंघ के अध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा है कि सरकार ने हड़ताल अवधि में की गयी दंडनात्मक कार्रवाई को वापस लेने और हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश में समायोजित करने का भरोसा दिया है।

———————————————————————

आज बुद्ध पूर्णिमा है। आज के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था।

———म्यूजिक———

उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा के साथ बोधि वृक्ष की पूजा और शोभा यात्रा जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों में शामिल महाबोधि मंदिर में आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। इस दौरान आयोजित महोत्सव में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल होंगे। इसके अलावा समारोह में चालीस से अधिक देशों के लगभग दस हजार श्रद्धालु और बौद्ध भिक्षु भी महोत्सव में भाग ले रहे हैं। मान्यता अनुसार इस दिन एक ग्रामीण महिला सुजाता ने बुद्ध को खीर खिलाकर उन्हें ज्ञान प्राप्ति में मदद की थी। इसी उपलक्ष्य में आज के दिन खीर प्रसाद बांटा जाता है।

———म्यूजिक———

इधन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महाबोधि मंदिर कॉरिडोर और विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद जीतन राम मांझी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभाकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

काल बैशाखी के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। आज सुबह से ही प्रदेश के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज राज्य के सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, बक्सर, पटना, गया और कटिहार समेत आस–पास के कई जिलों में आंधी– बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, कल कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया में भारी बारिश की चेतावनी है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले तीन घंटे के दौरान गोपालगंज और पश्चिम चम्पारण जिले के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इधर, लगातार हो रही बारिश के कारण प्रदेश के तापमान में कमी दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट

की सम्भावना है। इसके बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल मोबाइल आधारित आपदा संचार प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। यह प्रणाली दूरसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीएमए के सहयोग से विकसित की गई है ताकि नागरिकों को समय पर महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाई जा सके। एनडीएमए ने टेलीमैटिक्स विकास केंद्र द्वारा विकसित एकीकृत अलर्ट सिस्टम को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा अनुशंसित कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल पर आधारित है।

————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार कल बिहार आ रहे हैं। श्री कुमार इस दौरान बिहार और झारंखड में मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों के अधिकारियों के साथ पटना में समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में पत्र सूचना कार्यालय, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

————————————————————

एकीकृत भुगतान प्रणाली—यूपीआई दुनिया के सबसे बड़े तत्काल भुगतान मंच के रूप में उभरी है। यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार है। इसके शुभारंभ के एक दशक बाद, यूपीआई वैश्विक तत्काल भुगतान लेनदेन के लगभग आधे हिस्से को संचालित करता है। इसकी शुरूआत ग्यारह अप्रैल, दो हजार सोलह को हुई थी।यूपीआई ने शुरूआत के पहले महीने में केवल तीन सौ तिहत्तर लेनदेन किए थे। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस में यूपीआई लेन—देन बढ़कर लगभग चौबीस हजार एक सौ बासठ करोड़ हो गई।

————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर और मैट्रिक की कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू हो रही है। मैट्रिक की कंपार्टमेंटल परीक्षा छह मई तक तथा इंटर की परीक्षा ग्यारह मई तक दो पालियों में संचालित होगी। कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन के लिए विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्रों पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

————————————————————

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद

अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने श्रमिक भाईयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस मौके पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————

शिवहर की एक अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दो दोषियों को दस–दस वर्ष की सजा सुनायी है। न्यायालय ने दस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

————————————————————

मधेपुरा जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के बभनी गांव में अतिक्रमण हटाने गए दंडाधिकारी और पुलिसकर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हो गये।

————————————————————

शिवहर की जिलाधिकारी प्रतिभा रानी को एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री में प्रथम स्थान हासिल करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। पटना स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया।

————————————————————

सुपौल जिले के कुनौली में सशस्त्र सीमा बल, नेपाल ए.पी.एफ और ग्रामीणों के बीच आपसी समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच जयपुर में शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल खेले गये एक मैच में गुजरात टाइटन्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिए एक सौ छप्पन रन के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटन्स ने पच्चीस गेंद शेष रहते ही जीत हासिल कर लिया।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ हुई बैठक की खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– मुख्यमंत्री का पंचायतों में शिविर लगाकर तीस दिनों में लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश।

दैनिक जागरण ने परिवहन विभाग के निर्णय पर लिखा है– एकमुश्त जमा करें ई–चालान, पचास प्रतिशत तक जुर्माना होगा माफ।

दैनिक भास्कर ने सीआईएससीई रिजल्ट मे बिहार के बेहतर प्रदर्शन को तरजीह देते हुए लिखा है– गोपालगंज की शांभवी सौ प्रतिशत अंको के सात नेशनल टॉपर।

प्रभात खबर की सुर्खी है–एमबीबीएस परीक्षा में भारी नकल, साइंस कॉलेज ने कहा आगे का एग्जाम नहीं लेगें।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– चुनाव आयोग ने की क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र मॉड्यूल शुरू करने की घोषणा।

आज अखबार की सुर्खी है– इंटर–मैट्रिक की विशेष व कम्पार्टमेंटल परीक्षा कल से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य में जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत चल रही स्वगणना का आज अंतिम दिन। कल से प्रगणक घर–घर जाकर करेंगे आवासों की गणना।

02. केन्द्र सरकार ने डीजल और विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क में कटौती की। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं।

03. बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में हो रहा है महोत्सव का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत चालीस देशों के श्रद्धालु हो रहे हैं शामिल।

04. और, काल वैशाखी के प्रभाव से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, बक्सर, पटना, और कटिहार समेत आस–पास के जिलों में आंधी–बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।